तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री


हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 23 अप्रैल 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गुकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



सरोना क्षेत्र में बिजली कटौती को लेकर किसानों ... 14




गांवों में निरीक्षण कर बिगड़े हैंडपंपों का... 14




छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829


## परिवर्तन : नक्सलियों की तेंदूपत्ता की लेवी से करोड़ों की होती थी कमाई

# सरकार ने तेंदूपत्ता खरीदी के बदल दिए नियम, नक्सलियों की अब टूटेगी कमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



बस्तर संभाग में तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य ठेकेदारों को दिए जाने से नक्सली लेवी के रूप में ठेकेदारों से करोड़ो की वसूली करते थे। नक्सलियों की शर्तों पर तेंदूपत्ता की तोड़ाई होती थी, ऐसा मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों के मिले दस्तावेजों से पुष्टि होती रही है। सरकार ने इस बार नीति बदलते हुए तेंदूपत्ता खरीदी विभाग के द्वारा लेवी पर ग्रहण लगना तय है।

- ठेकेदारों से नहीं अब विभाग तेंदूपत्ता तोड़वाएगा

जानकारी के अनुसार 21 वर्ष पहले विभाग तेंदूपत्ता की खरीदी वन विभाग के द्वारा किया जाता था। उसके उपरांत पालिसी बदलते हुए 2004 से समितियों की नीलामी किया जाने लगा और तेंदूपत्ता की तोड़ाई के पहले ही समितियों को ठेकेदार खरीद लेते थे। ठेकेदार को समितियों के मिल जाने के उपरांत अपने हिसाब से खरीदी करते थे, विभाग का अमला केवल मानिटरिंग करता था। ठेकेदार तेंदूपत्ता संग्राहक तेंदूपत्ता की तोड़ाई करके 50-50 की गड्डी बनाकर सूखने के लिए खाली मैदानों रखते थे और उसके उपरांत ठेकेदार का मुंशी उसको बोरे में शिफ्ट अपने अमले के द्वारा करवाते थे। इस दौरान ठेकेदार का मुंशी जो खेल खेलता था, उससे समितियों का अमला बेखबर रहता था। ठेकेदार गड्डी में ही खेल खेलता था, ठेकेदारों की पहुँच अधिक होने के कारण ही वे मनमानी करते थे। इसके चलते संग्राहकों को नुकसान भी होता था। तेंदूपत्ता ठेकेदारों का आतंक बना हुआ था, उसका सबसे बड़ा कारण था कि उनको सभी तरह से संरक्षण मिला हुआ था। ठेकेदार बिना संरक्षण के नक्सल प्रभावित इलाके में घुस भी नहीं सकते थे। ठेकेदारों को अब जंगल से दूर कर दिए जाने से कांकेर को कई प्रकार के लाभ मिलना तय है। जानकारों का कहना है कि इस बार अंदरूनी इलाकों पर नक्सली उत्पात मचाते हुए आग लगाने की घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं।

### बड़े स्तर पर होने वाले लेनदेन के खेल पर लगेगा विराम

पुलिस और नक्सली मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों के मिले दस्तावेजों से स्पष्ट है कि नक्सली तेंदूपत्ता के ठेकेदारों से करोंड़ो की लेवी वसूलते थे। नक्सलियों को जो ठेकेदार लेवी नहीं देता था, उसकी समिति में संग्रहण हुए तेंदूपत्ता को आग के हवाले कर देते थे। ठेकेदार प्रथा प्रारंभ होने के शुरआती दौर पर कई घटनाएं होती थी, उसके बाद ऐसा मैनेजमेंट स्थापित हुआ कि कई सालों तक तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र पर आग नहीं लगी। इससे यह तय हो गया कि ठेकेदारों को पूरा संरक्षण मिलने लगा था। और ठेकेदारों ने तेंदूपत्ता का बड़े स्तर पर खेल खेलते रहे, जिस पर अब विराम लग जाएगा। विभाग के द्वारा तेंदूपत्ता के तोड़े जाने और नक्सलियों को लेवी नहीं मिलने से नक्सलियों की आर्थिक दृष्टिकोण से कमर टूटना तय है। नक्सली इस खरीदी नीति का विरोध कर सकते है और तेंदूपत्ता संग्राहकों की मेहनत को पानी में फेरने का प्रयास करेंगे और तेंदूपत्ता में आग लगाने का काम कर सकते है।

### 2 लाख 23 हजार 300 मानक बोरा का लक्ष्य

कांकेर जिले के तीन वनमंडल में 2 लाख 23 हजार 300 मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल में 1 लाख उन्नीस सौ, पश्चिम वनमंडल में 83 हजार 600 और कांकेर वनमंडल में 37 हजार 800 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य रखा गया है। विभाग के सूत्रों की मानें तो मई के पहले सप्ताह से तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू हो जाएगा।

# घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर को आग के किया हवाले अज्ञात के खिलाफ जुर्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कन्हनपुरी में घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर को अज्ञात व्यक्ति ने आग के हवाले कर दिया, जिससे ट्रैक्टर मालिक को लगभग 10 लाख रुपए का नुकसान होने की बात सामने आई है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जाँच करने में जुट गई है।

- कांकेर थानातंर्गत कन्हनपुरी का मामला

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचे कन्हनपुरी निवासी 56 वर्षीय सतीश प्रकाश नेताम पिता स्व. गोवर्धन सिंह नेताम ने पुलिस को बताया कि घर के किनारे बाउंड्रीवॉल के बाजू ग्रीन नेट में ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 05 एआर 5317 को ढककर रखा था। मेरे ट्रैक्टर को 16 अप्रैल की रात लगभग साढ़े 12 बजे आग के हवाले कर दिया। इसके अलावा घर के सामने खड़ी कार वाहन क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 2539 चेचिस नंबर को कवर से ढक कर रखा था, कवर एवं कार का बॉडी जल रहा था। रात को आग लगने की जानकारी राजेश लोन्हारे एवं जितेन्द्र महंत ने बताया। हम लोगों ने जैसे तैसे आग को बुझाने का प्रयास किया। शिकायतकर्ता ने बताया कि पड़ोसियों ने बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति मसाल से कार को जला रहा था, जिसे विनय नेताम ने देखा एवं पकड़ने का प्रयास किया। अज्ञात व्यकित को पकड़ नहीं पाया। बाद में कार में लगे आग को बुझाया, वहीं पास एक डण्डे में कपड़ा लपेटकर बनाया हुआ मसाल पड़ा था। कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा रंजिशवश ट्रैक्टर एवं कार को जलाया। प्रार्थी के अनुसार ट्रैक्टर के जलने से 10 लाख और कार के जलने से ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### छात्रावास अधीक्षकों की कार्यशाला में नए नियमों से कराया अवगत



**कांकेर।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कांकेर अन्तर्गत छात्रावास अधीक्षक-अधीक्षिका एवं लेखापाल की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला परियोजना अधिकारी अशोक कुमार पटेल ने उपस्थित कर्मचारियों को छात्रावासों में स्वस्थ वातावरण तैयार कर उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए समस्त अभिलेखों को संधारित कर अद्यतन रखने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिला मिशन समन्वयक रवि प्रकाश मिश्रा ने भी विभिन्न प्रकार की पंजी जैसे जीएसटी, टीडीएस, मासिक प्रतिवेदन, अपलेखन, भण्डार क्रय नियम से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा कर टीम भावना से कार्य करने व बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार रखने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में अधीक्षक-अधीक्षिका सहित कार्यलयीन स्टाफ उपस्थित रहे।

### नक्सल पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने आज शिविर




**कांकेर।** नवीन नक्सल पुनर्वास नीति 2025 के तहत जिले में निवासरत माओवादी पीड़ित एवं प्रभावित परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार बुधवार 23 अप्रैल को कांकेर शहर के न्यू कम्युनिटी हॉल में सुबह साढ़े 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी जिला स्तर के अधिकारियों को उक्त शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने और शासन की योजनाओं से प्रभावित परिवारों को शत प्रतिशत सैचुरेट करने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर ने प्रभावित परिवारों से सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### अज्ञात कारणों से युवक ने लगाई फांसी, हुई मौत

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत स्कूलपारा अंतागढ़ निवासी 26 वर्षीय अजीत पटेल पिता रामसिंह ने अपने घर में गमछा से फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया, जिससे उसकी मौत हो गई। स्कूलपारा अंतागढ़ निवासी रामसिंह पटेल ने पुलिस को बताया कि अजीत ने 21 अप्रैल को सुबह करीबन साढ़े 5 बजें अपने कमरे में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगाकर अज्ञात कारणों से आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### जंगल की ओर युवक ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत गुमडी निवासी 22 वर्षीय लच्छन आंचना ने अज्ञात कारणों के चलते 20 अप्रैल को सुबह साढ़े 8 बजे जंगल की ओर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। परतापुर ▶▶| शेष पेज 12 पर

# सड़क पार कर रहे व्यक्ति को कार ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



राष्ट्रीय राजमार्ग 30 चारामा के पास सड़क पार कर रहें एक व्यक्ति को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दिया। टक्कर से राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को ईलाज के लिए चारामा के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना की शिकायत घायल की पत्नी ने चारामा थाना में शिकायत किया। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया है।

चारामा थाना में शिकायत करने पहुंची ग्राम शीतलापारा चारामा निवासी किरण ओझा ने पुलिस को बताया कि कुली मजदूरी का काम करती हूं। मेरे पति गोविंद ओझा पेंटर का काम करता है। 19 अप्रैल को करीबन शाम 8 बजे मेरी बेटी तानिया ओझा जो मेडिकल स्टोर्स में काम करती है, उससे मोबाइल लेने जा रहे थे। वासु दुकान के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 को पार कर रहे थे। उसी समय कांकेर की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 07 एएक्स 9400 के चालक ने अपनी कार को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरे पति को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मेरे पति रोड में गिर गया। गिरने से उनके सिर, चेहरा एवं शरीर में अंदरूनी चोट लगा। ईलाज के लिए चारामा अस्पताल में भर्ती कराया गया। ईलाज कराने में व्यस्त होने से थाना रिपोर्ट लिखाने देरी हुई। सड़क दुर्घटना को आसपास में मौजूद लोगो ने देखा है।

प्रार्थियां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जाइलो कार वाहन क्रमांक सीजी 07 एएक्स 9400 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

# भाजपाइयों ने प्रबुद्वजनों का शाल और श्रीफल देकर किया सम्मान

**कांकेर।** भाजपा ने कमल सदन में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शहर के प्रबुद्धजन सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रबुद्धजन नागरिकों का सम्मान शाल श्रीफल भेंट कर किया गया गया। प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद भोजराज नाग एवं विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर हमेशा से ही देश के लोग को एक सूत्र में बांधकर रखने जैसे विचारों प्रथमिकता दिया, पर कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहेब अंबेडकर को वो सम्मान नही दिया। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में ही बाबा साहेब को भारतरत्न दिया गया। अनुच्छेद 370 को समाप्त कर भारतीय जनता पार्टी के सरकार ने डाक्टर साहेब के सपनों को साकार किया। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि 06 अप्रैल भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस से लेकर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक जो कार्य किया उसकी जानकारी दिया। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के प्रस्तावना को सेवा पखवाड़ा के संयोजक संजय सिन्हा ने रखा। कार्यक्रम में पहुँचे समस्त प्रबुद्धजनों का अभिनंदन व स्वागत तिलक गिरधर यादव ने किया।

- भाजपा का प्रबुद्धजन सम्मान सम्मेलन

प्रबुद्धजन सम्मेलन में सांसद, विधायक और भाजपा के पदाधिकारियों ने शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया। प्रबुद्धजन सम्मान सम्मेलन का मंच संचालन जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने किया आभार व कार्यक्रम के समापन की घोषणा मांझापारा के पार्षद हितेंद्र खटवानी ने किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला एवं मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय पटौद का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौद का स्थानीय वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 9 वीं और 11 वीं का परीक्षाफल मुख्य अतिथि अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड छग शासन भरत मटियारा एवं शाला विकास एवं प्रबंधन समिति सेजेस पटौद के अध्यक्ष रामचरण कोर्राम की अध्यक्षता में घोषणा किया गया।

मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बच्चों को श्रेष्ठ कर्म करने एवं जीवन में आगे निरंतर आगे बढ़ने एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया। प्राचार्य डीएस निषाद ने विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों का उल्लेख करते हुए शासन द्वारा प्रदत संसाधनों एवं सुविधाओं को बताया। साथ ही परीक्षा परिणामों को सकारात्मक रूप से लेते हुए आगे मेहनत करने की प्रेरणा दिया। घोषित परीक्षा परिणाम के तहत कक्षा 9 वीं में हिमेश कुमार नाग 87 प्रतिशत, लोकेंद्र साहू 84.5 प्रतिशत, कक्षा 11 वीं कला संकाय में यमुना नरेटी 76.4 प्रतिशत, नमिता साहू 74.2 प्रतिशत, विज्ञान संकाय मे लिशा सलाम 85.6 प्रतिशत, खनक सलाम 81 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय से कुमारी काजल 65.4 प्रतिशत एवं रोशन बेसरा 63.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे। इन विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत ऑटोमोबाइल एवं कृषि ट्रेड संचालित है, जिन्हें प्रायोगिक ज्ञान के लिए विभिन्न संस्थाओं में दस दिवसीय इंटर्नशिप कराया जाता है, जिसे पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े स्वयं सेवकों को ए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### ये रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में जनपद सदस्य पंचायत लखन मंडावी, सरपंच पटौद कुमार मरकाम, ऋषि साहू, लोमेंद्र यादव, नारायण साहू, पटौद के संकुल समन्वयक नितेश उपाध्याय, पालकगण एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

# धरती माता के संवर्धन करने का लिया संकल्प

**कांकेर।** पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस पृथ्वी के संरक्षण एवं संवर्धन के रूप मे मनाया गया, जिसमे विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं के द्वारा जल, जंगल एवं जमीन को कैसे साफ सुरक्षित एवं संरक्षित रखने इस संबंध में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में अतिथि कृषि विभाग से गुंजन सिंह भदौरिया, फारेस्ट विभाग से चेतन पवार तथा जल संसाधन विभाग से सुशील देवांगन, एसआर जाटव उपस्थित होकर अपने-अपने विभागों के द्वारा जल संरक्षण, वन संरक्षण एवं भूमि संरक्षण के कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यो को विस्तार से बताया। प्राइमरी एवं मिडिल कक्षाओं के छात्र-छात्राओं से जल, जंगल एवं जमीन तथा पशु पक्षियों की स्थिति को और बेहतर बनाने के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया। जागरुकता के नारे लगवाकर सम्पूर्ण पृथ्वी के संर्वधन का संकल्प लिया। इस अवसर पर मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए पौधा रोपण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सुबह की सभा में हवा, पानी, नदी, पहाड़, वनस्पति व मिट्टी आदि के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए तथा इनको प्रदूषित होने से बचाने के लिए भाषण एवं कविता प्रस्तुत किया। बच्चों ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता का पाठ सीखा। पृथ्वी के पंच तत्व हवा, जल, वनस्पति, मिट्टी एवं आकाश को प्रदूषण से मुक्त करने की संकल्प लिया। प्राइमरी कक्षाओं के छात्रो द्वारा जागरूकता नाटकए गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया।



# अधिकारियों ने भवनों का किया औचक निरीक्षण

**भानुप्रतापपुर।** लोक निर्माण विभाग ई एंड एम का जिले में संभागीय कार्यालय खोला गया, जिसके अंतर्गत कांकेर, कोंडागांव और नारायणपुर जिला को सम्मिलित किया गया हैं। संभागीय कार्यालय में कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग ई एंड एम कि पदस्थापना किया गया है। कार्यपालन अभियंता ने शासकीय भवनों का औचक निरीक्षण किया। पदस्थापना के बाद कार्यपालन अभियंता एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। सघन दौरा कर संभाग के लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कराए जा रहे भवनो में विद्युतिकारण कार्य का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग ई/एम के कार्यपालन अभियंता और अनुविभागीय अधिकारी द्वारा भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल और पखांजूर क्षेत्र के निर्माणाधीन भवनो का औचक निरिक्षण किया गया। अधिकारीगण दुर्गूकोंदल के कोदपाखा में बन रहे 200 सीटर कन्या छात्रावास, हायर सेकेंडरी स्कूल और कृषि महाविद्यालय पखांजूर में विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदारों को निर्देश दिए कि वे निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता की विद्युत सामग्री का इस्तेमाल सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट हिदायतें दिया कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## ग्रामीण क्षेत्रों में खनिज व राजस्व विभाग की बिना अनुमति बेखौफ चल रहा कारोबार

# जिलेभर में अवैध ईंट भट्टे चल रहे, पर्यावरण को हो रहा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





जिले के ग्रामीण इलाकों में खनिज व राजस्व विभाग की बिना अनुमति के लाल ईंट बनाने का अवैध कारोबार तेजी से फैल रहा है। बीते चार महीने से यह काम बिना रोकटोक के चल रहा है। सिंचाई के लिए लगे पावर पंप से भारी मात्रा में पानी का दोहन हो रहा है। इसके बावजूद खनिज और राजस्व विभाग ने अब तक इन अवैध ईंट भट्टों पर कार्रवाई नहीं कर रही है।

- पावर पंप से भारी मात्रा में पानी का भी हो रहा दोहन


जिले के सभी तहसीलों में मिलाकर लगभग 300 से ज्यादा ईंट भट्टे चल रहे हैं। कई भट्टे तो नदी किनारे की मिट्टी काटकर ईंट को बनाने में डटे हुए है। खनिज विभाग और राजस्व विभाग के द्वारा सक्रियता नही बरते जाने के कारण ईंट बनाने का अवैध खेल जोरों पर चल रहा है। विभाग के पास यह जानकारी नहीं है कि तहसील में कहाँ कहाँ पर यह अवैध काम चल रहा है। अवैध भट्ठों से निकलने वाले धुएं से ग्रामीणों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। धुएं से शाम के समय गांव का वातावरण धूल और धुएं से भर जाता है। लोगों को सांस लेने में तकलीफ होती है। पर्यावरण पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। इसके बावजूद जिला प्रशासन ने अब तक कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किया, वहीं ग्राम पंचायत ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। अवैध कारोबार जिले के हर गांव में फैलता जा रहा है। इससे ग्रामीण नागरिक परेशान हैं। लोगों की सेहत के साथ पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है। जांच के नाम पर संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी औपचारिक रुप से ही कार्रवाई कर रहे है। अब तक किसी भी भट्ठा संचालक के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं हुआ। जंगल से अवैध लकड़ी काटकर लाल ईंट को पकाया जा रहा है। जिला मुख्यालय के आसपास दसपुर, कोड़ेजुंगा, मालगांव, कुलगांव तांबापारा, खपरापारा, मुड़पार, कोकड़ी, नारा, कुरना, बागोड़, जुनवानी, अमोड़ा, नवागांव, कोदागांव, कृष्टिकुर, देवरी समेत कई गांव में लाल ईट के बड़े पैमाने पर भट्ठे लगाए गए हैं। कार्रवाई नहीं होने का नतीजा है कि जिले में बेखौफ होकर लाल ईट के भट्ठे लग रहे हैं और शहर में सप्लाई भी हो रही है।

### एक भी भट्टे की नहीं है अनुमति

कांकेर जिला में लाल ईंट बनाने के लिए एक भी भट्टा संचालक को खनिज विभाग के द्वारा अनुमति नहीं दी गई है, इसके बावजूद सैकड़ो ईंट भट्टा चल रहे है। अवैध ढंग से संचालित ईट भट्टो पर कार्यवाही करने के लिए जिम्मेदार विभाग का अमला सामने नहीं आ रहा है।

# मंदिर में तेल-हल्दी चढ़ाने की बात को लेकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



पिच्चेकट्टा में शादी कार्यक्रम के दौरान घर के मंदिर में तेल हल्दी चढ़ाने की बात को लेकर परिवारिक विवाद हो गया। विवाद धीरे-धीरे मारपीट में बदल गया। मारपीट के शिकार हुए ग्रामीण ने इसकी शिकायत थाना में किया।

भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पिच्चेकट्टा निवासी 64 वर्षीय दीनदयाल नरेटी ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। 21 अप्रैल को भतीजा रामप्रसाद नरेटी की बेटी माधुरी नरेटी का शादी था। शादी में घर के मंदिर में तेल व हल्दी चढ़ाने के लिए आये थे। मंदिर में तेल व हल्दी चढ़ाने की बात को लेकर मेरे भाई मयाराम नरेटी, दयाराम नरेटी, भतीजा रामप्रसाद नरेटी, देवलाल नरेटी के द्वारा घर के देवता मंदिर के सामने सभी ने एक राय होकर गाली दिया व जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का व लात से मारपीट करने लगे। मारपीट करने से मेरे जबड़ा एवं कमर मे चोट लगा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मयाराम नरेटी, दयाराम नरेटी, देवलाल नरेटी और रामप्रसाद नरेटी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

## खबर संक्षेप



### पशु चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर बचाई गाय की जान



**कोण्डागांव।** विकासखंड कोंडागांव के मर्दापाल क्षेत्र अंतर्गत सुदूर ग्राम पदनार में पशु मालिक लखमु राम मडावी की गाय को बीते दो दिनों से बछड़ा जनने में परेशानी हो रही थी। जिसकी सूचना मिलने पर वीएएस पशु चिकित्सालय कोंडागांव डॉ. ढालेश्वरी द्वारा जांच करने पर पाया गया कि गाय की जनन नली संकरी होने के कारण बछड़ा बाहर नहीं आ पा रहा था एवं बछड़े की मृत्यु हो चुकी थी। गाय की जीवन रक्षा के लिए एवं पशु मालिक की सहमती के साथ डॉ. ढालेश्वरी ने तत्काल सिजेरियन करने का निर्णय लिया एवं डॉ. कृष्ण कोराम, डॉ अनिल, डॉ. चंदना की टीम द्वारा ऑपरेशन कर मृत बछड़े को बाहर निकाला गया। इस दौरान एवीएफओ आलोक नेताम संजीत, खेमराज व अन्य ग्रामीणों का भी सहयोग रहा।

### तेन्दू पत्ता संग्रहण के संबंध में हुई कार्यशाला



**धनोरा।** धिनोरा ईरागांव के तेन्दू पत्ता संग्रहण के संबंध में गृह प्रांगण में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उपवन प्राथमिक बघुयनोपन समिति बहीगाव मण्डलीधिकारी केशकाल सुषमा जे नेताम, उपप्रबंध संचालक राजेश कश्यप, वनपरिक्षेत्र अधिकारी केशकाल एसआर ठाकुर व धनोरा क्षेत्र की जनपद सदस्य नमिता जैन, ग्राम पंचायत गवाला के सरपंच बिनेश अण्डावी, बनिया सरपंच हीरालाल शोरी, प्राथमिक लघुवनोपज समिति के अध्यक्ष कोलसाय कुमेरी एवं उपपरिक्षेत्र अधिकारी बहीगांव जीसी विश्वकर्मा, उपपरिक्षेत्र अधिकारी धनोरा जगत नेताम के साथ समस्त परिसंरक्षक समस्त फड़ मुंशी फड़ अभिरक्षक उपस्थित थे। कार्यशाला में एसडीओ श्रीमती नेताम, डिप्टी एमडी श्री कश्यप, आरओ एसआर ठाकुर ने तेन्दूपत्ता संग्रहण बोरा भर्ती, गोदामीकरण एवं भुगतान करने के संबंध में जानकारी दी।

### प्रयास स्कूल की प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 1656 परीक्षार्थी



**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा रविवार को कोंडागांव जिले के 6 परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया गया। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त सुश्री निकिता मरकाम ने बताया कि जिले के कुल 2017 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीयन कराया था। इनमें से कुल 1656 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए और कुल 361 विद्यार्थी अनुपस्थित थे। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रयास आवासीय विद्यालय राज्य शासन द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय है, जहां आदिवासी और नक्सल प्रभावित क्षेत्रें के प्रतिभावान छात्रें को उच्च शिक्षा के लिए तैयारी कराई जाती है। इन विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक पढ़ाई होती है और छात्रें को निःशुल्क राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल और इंजीनियरिंग परीक्षाओं के लिए भी तैयारी कराई जाती है।

# नारायणपुर का जिला अस्पताल बना रहा उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नए कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

पिछले एक वर्ष में जिला अस्पताल स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में लगातार प्रगति करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। इस दौरान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी समुदाय के लिए छत्तीसगढ़ सरकार प्रयासों से मुफ्त डायलिसिस सेवाओं में विशेष वृद्धि देखी गई है, जो इस क्षेत्र के लोगों के लिए जीवन रेखा साबित हो रही हैं। पिछले डेढ़ वर्षों से आदिवासी समुदाय को मुफ्त डायलिसिस सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। हाल ही में हुए आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में 784 डायलिसिस सत्र आयोजित किए गए जो की 2023-24 सत्र के मुक़ाबले 91% की विशेष वृद्धि है , जिससे इन दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। यह उपलब्धि न केवल अत्यंत गंभीर गुर्दे के रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए राहत का संदेश देती है, बल्कि क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में सरकारी प्रयासों की सफलता को भी दर्शाती है। डायलिसिस यूनिट का संचालन चिकित्सकीय अधिकारियों डॉ. हिमांशु सिन्हा और डॉ. धनराज सिंह डरसेना द्वारा किया जा रहा है,जिसमे हीमोडियलिसिस लगाना,क्रोनिक किडनी रोग के मरीजों का उपचार एवं निरंतर फॉलो अप लेकर देखभाल करना शामिल है । इनका अथक प्रयास और समर्पण इस सेवा को कुशलता से संचालित करने में मुख्य भूमिका निभा रहा है। विशेषज्ञता को सुनिश्चित करने के लिए डायलिसिस यूनिट का निरीक्षण डॉ. सुमन गुप्ता और डॉ. आदित्य केकती द्वारा किया जाता है। साथ ही, डायलिसिस तकनीशियन प्रकाश नेताम एवं किरण दीवान का निरंतर सहयोग इस सफलता में अहम योगदान देता है।

## आदिवासी समुदाय को डेढ़ साल से मिल रही मुफ्त डायलिसिस सेवाएं

### अस्पताल प्रबंधन का उत्साहवर्धन

अस्पताल के सिविल सर्जन और सुपरिटेंडेंट डॉ विनोद भोयर व मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसएस राज ने इस उपलब्धि को सराहते हुए कहा कि हम आने वाले वर्षों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनकी यह बात न केवल अस्पताल की उपलब्धियों को सराहती है, बल्कि भविष्य में और भी उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक प्रेरणादायक संदेश भी देती है।



### समुदाय पर सकारात्मक प्रभाव

नारायणपुर जिला अस्पताल की इस पहल ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी समुदाय में नई उम्मीदें जगाई हैं। अत्यंत गंभीर गुर्दे के रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं के कारण इन क्षेत्रों के लोग अब समय पर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठा पा रहे हैं, जिससे उनके जीवन में सुधार के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। इस प्रकार, निरंतर प्रगति और समर्पित टीम की बदौलत नारायणपुर जिला अस्पताल ने न केवल अपनी सेवाओं में सुधार किया है, बल्कि दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय वृद्धि की है।

## कृषि उत्पादन आयुक्त ने की संभाग स्तरीय रबी सहित खरीफ 2025 तैयारी की समीक्षा

# विकसित बस्तर की परिकल्पना को साकार करने के लिए कृषि एवं आनुषांगिक सेक्टरों की भूमिका अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- कार्ययोजना पर प्रभावी क्रियान्वयन करने के दिए निर्देश
- बीज उत्पादन के लिए महिला कृषकों को जोड़ने पर दिया बल
- धान के रकबे में कमी लाने सहित मिलेट्स फसलों और दलहन–तिलहन की खेती को बढ़ावा देने के निर्देश

विकसित बस्तर की परिकल्पना को साकार करने के लिए कृषि क्षेत्र सहित आनुशांगिक सेक्टरों की अहम भूमिका है। यह बस्तर के समग्र विकास की धुरी है। इसे मद्देनजर रखते हुए मक्का एवं मिलेट्स फसलों, दलहन–तिलहन फसल क्षेत्र विस्तार, मसाला फसलों के रकबा विस्तार के लक्ष्य को हासिल करने पर ध्यान केंद्रीत करें। साथ ही बस्तर में जैविक खेती की अपार संभावनाओं को देखते हुए जैविक खेती को ज्यादा प्रोत्साहित करने सहित यहां की अनुकूल वातावरण के मद्देनजर कॉफी एवं ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा दिया जाए। वहीं पशुपालन और मत्स्यपालन एवं झींगापालन के लिए व्यापक स्तर पर पहल किया जाए। उक्त निर्देश कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने कोंडागांव में आयोजित संभाग स्तरीय रबी समीक्षा सहित खरीफ 2025 की तैयारी की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। उन्होंने खरीफ 2025 के कार्ययोजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर बल देते हुए नियमित तौर पर समीक्षा किए जाने के निर्देश कलेक्टर्स तथा अन्य अधिकारियों को दिए।

जैविक खेती को प्रोत्साहन देने पर बल – कृषि उत्पादन आयुक्त ने बस्तर में जैविक खेती की अपार सम्भावनाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि यहां की भूमि की उर्वरता और वातावरण जैविक खेती के लिए काफी अनुकूल है। इसलिए अधिकाधिक किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें हरसम्भव मदद सुलभ कराया जाए। उन्होंने नेशनल मिशन आन नेचुरल फामिंर्ग के लिए भी बस्तर को उपयुक्त निरूपित करते हुए इस दिशा में तैयार कार्ययोजना का कारगर कार्यान्वयन किए जाने के निर्देश दिए। —षि उत्पादन आयुक्त ने 10 वर्ष के भीतर की विभिन्न किस्मों के रकबा विस्तार के लिए भी प्राथमिकता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

ये रहे उपस्थित – बैठक में संचालक उद्यानिकी एस जगदीशन, संचालक पशुपालन चन्द्रकांत वर्मा, संचालक मत्स्यपालन नारायण सिंह नाग सहित सभी जिले के सीईओ जिला पंचायत और कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन, जल संसाधन विभागों के अधिकारियों सहित विद्युत वितरण कम्पनी, क्रेडा, मार्कफेड, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारी और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय तथा उद्यानिकी महाविद्यालय के वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

### बस्तर बनेगा पाम ऑयल हब

कृषि उत्पादन आयुक्त ने नेशनल मिशन आन एडिबले ऑयल की कार्ययोजना को व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन करने पर बल देते हुए कहा कि बस्तर के उच्चहन भूमि तथा अनुकूल जलवायु ऑयल पाम की खेती के लिए काफी मुनासिब है। किसान ऑयल पाम की खेती के साथ पामा रोजा एवं लेमनग्रास की इंटर क्रॉपिंग भी कर सकते हैं। साथ ही साग–सब्जी की खेती को भी प्रोत्साहित किया जा सकता है। अतएव भविष्य में खाद्य तेल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बस्तर में ऑयल पाम की खेती को प्रोत्साहन दिया जाए। इस दिशा में कलस्टर बनाकर किसानों का चयन करने सहित उन्हें हरेक सहायता सुलभ कराया जाए। उन्होंने कहा कि बस्तर में ऑयल पाम के पर्याप्त उत्पादन के पश्चात पाम ऑयल तैयार करने के लिए प्रसंस्करण केन्द्र की स्थापना भी प्रस्तावित है।

# नवपदस्थ कलेक्टर ने बैठक में ली जिले की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नवपदस्थ कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने आज कोण्डागांव जिले में कार्यभार ग्रहण के पश्चात जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की एक परिचयात्मक बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने जिले की विकास कार्योंर् तथा विभिन्न गतिविधियों की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से उन्होंने व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया और उनके कार्य के बारे में जानकारी ली। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ही हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारियों को एक टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी पारदर्शिता और गंभीरता के साथ करें।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### नवपदस्थ कलेक्टर नूपुर राशि ने किया कार्यभार ग्रहण



**कोण्डागांव।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने सोमवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पन्ना वर्ष 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। जिन्होंने कोंडागांव जिले की 10वीं कलेक्टर के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया। इसके पहले वे मुख्य कार्यपालन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य जल ग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी में पदस्थ थीं। पूर्व में वे जिला पंचायत कोंडागांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर भी कार्य कर चुकी हैं।

# पोषण पखवाड़ा अभियान में बिहान की महिलाओं ने निभाई सक्रिय भागीदारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पोषण अभियान के अंतर्गत पोषण पखवाड़ा 2025 का आयोजन पूरे जिले भर में किया गया जिसमें व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से लोगों को जागरूक किया गया। इस अभियान में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के निर्देशानुसार और एनआरएलएम के डी एम एम विनय सिंह के मार्गदर्शन में जिले भर के बिहान अंतर्गत महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

इसी क्रम में केशकाल ब्लॉक अंतर्गत आकांक्षा महिला संकुल संगठन धनोरा के पोषण सखी कैडर अपने अपने ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ पोषण पखवाड़ा अभियान में शामिल होकर विभिन्न गतिविधि आयोजित कर लोगों को सुपोषण के महत्व प्रति लोगों को जागरूक किया।

# संकुल जामकोटपारा में सेवानिवृत्त व स्थानांतरित शिक्षकों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



संकुल स्रोत केंद्र जामकोटपारा में सोमवार को एक भव्य विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संकुल क्षेत्र से सेवानिवृत्त हो रहे संकुल प्राचार्य दिनेश शुक्ला, प्रधान अध्यापक नीलकंठ शार्दुल, अनिता यादव, जानसिंग नेताम पदोन्नति प्राप्त कर अन्य स्थान पर स्थानांतरित हुई शिक्षिकाएं विद्या गनवीर, रामेश्वरी बघेल व धनेश्वरी देवांगन के सम्मान में आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्तमान संकुल प्राचार्य शांतिलाल सलाम ने की, वहीं सीएसी महावीर सलाम के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को भव्यता मिली। विशेष अतिथि के रूप में शीतल कोर्राम व डॉ सीके हिरवानी उपस्थित रहे। इनका रहा विशेष योगदान – समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षकों के परिवारजनों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी भावुक और यादगार बना दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन और आयोजन में निर्मला छिपाणी, बिन्दावती भंडारी, रामाधीन नरेटी, हीरालाल ध्रुव, सूरजलाल मातलाम, सहदेव मरकाम, त्रिनाथ सर, पुनम नायडू, पूर्णिमा नाग, आशा ठाकुर, कुमारी ओकेश्वरी राजपूत, कामिनी मिश्रा, ललिता नेताम, हेमलता ठाकुर, अनिल साहू, कुंती नाग, जयप्रकाश यादव, योगेंद्र चतुर्वेदी, स्मृति चन्द्राकर, मंजुला बोस, अरुणा नेताम, सुमित्र सोरी, कृष्ण यादव, महेंद्र देवांगन, जयलाल बघेल, सोहन ठाकुर, नीता सोनवानी, हेमपुष्पा पाटिल व पवन तलवार सहित अन्य शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में सभी ने अपने प्रेरणादायी शब्दों व भावपूर्ण संदेशों के माध्यम से शिक्षकों के योगदान को सराहा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## दुदावतजी के नेतृत्व में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हुआः अविनाश भोई

# कलेक्टर कुणाल दुदावत को दी गई भावपूर्ण विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिले के निवर्तमान कलेक्टर कुणाल दुदावत के दंतेवाड़ा जिले के कलेक्टर के तौर पर स्थानांतरण होने पर आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। विदाई समारोह में अधिकारियों ने श्री दुदावत के कार्यकाल के दौरान उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए अपने अनुभवों को साझा किया।

इस अवसर पर निवर्तमान कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि कोण्डागांव में अपने 15 माह के कार्यकाल के दौरान उन्हें सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का बहुत अच्छा सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्य का निर्वहन बहुत अच्छे ढंग से कर रहे हैं और आगे भी इसी तरह टीम भावना के साथ कार्य करते रहें। उन्होंने सभी अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के दौरान कई कठिन परिस्थितियों में मार्गदर्शन बहुत कारगर रहा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हुआ। उनके मार्गदर्शन में जिले में कई नवाचार प्रारंभ किए गए, जो जिलेवासियों के लिए लाभकारी साबित हो रहे हैं।

### ये रहे उपस्थित

एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर ने भी कलेक्टर श्री दुदावत के मार्गदर्शन में हुए उल्लेखनीय कार्यों को याद करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। विदाई समारोह में निवर्तमान कलेक्टर कुणाल दुदावत को जिला प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश दांडे, सीआरपीएफ के अधिकारीगण सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## मुरिया विद्रोह स्मृति दिवस 4 मई को मनाया जाएगा

**जगदलपुर।** बस्तर अंचल के गौरवशाली आदिवासी इतिहास को स्मरण करते हुए मुरिया समाज इस वर्ष भी मुरिया विद्रोह स्मृति दिवस को 4 मई को बड़े हर्ष और श्रद्धा के साथ मनाने जा रहा है। इस संबंध में मुरिया समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक मुरिया सदन, जगदलपुर में आयोजित की गई। जिसमें जिला व ब्लाक स्तर के पदाधिकारी, समाज प्रमुख, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 मई को शहीद वीर झाड़ा सिरहा की स्मृति में एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली बड़े आरापुर स्थित झाड़ा सिरहा के जन्मस्थान से प्रारंभ होकर तोकापाल, केशलूर, बड़े मारेगा, पामेला, सिरहा सार भवन होते हुए धरमपुरा स्थित मुरिया सदन पहुंचेगी। रैली के माध्यम से समाज के लोगों को अपने इतिहास, संघर्ष और वीर परंपरा से अवगत कराने का प्रयास किया जाएगा। मुरिया सदन में आयोजित मुख्य सभा में शहीद झाड़ा सिरहा के ऐतिहासिक योगदान, 1876 के मुरिया विद्रोह में उनकी भूमिका और बस्तर अंचल की सांस्कृतिक धरोहर पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

## पेज 11 के शेष

### घर के बाहर...

लगभग 5 हजार का नुकसान हुआ है। ट्रैक्टर कितना पुराना है, यह स्पष्ट नहीं है। शिकायत पर कांकेर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 326 (च) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए पूछताछ करने में जुटी हुई है।

### जंगल की ओर...

निवासी 55 वर्षीय सोनू राम नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने ग्राम गुमडी के जंगल की ओर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। युवक ने आत्महत्या क्यों किया, यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

**खबर संक्षेप**

### आरक्षक मनमोहन मरकाम 11 जनवरी से लापता

**बीजापुर।** जिले के थाना तारलागुड़ा अंतर्गत 13वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 'ए' कंपनी, तारूड में पदस्थ आरक्षक मनमोहन मरकाम लापता हैं। प्रधान आरक्षक विमल किंडो ने इस संबंध में थाना तारलागुड़ा में गुम इंसान रिपोर्ट 1 अप्रैल को दर्ज कराई है। 11 जनवरी को लगभग दोपहर 12:35 बजे कैंप परिसर में चेकिंग के दौरान आरक्षक



मनमोहन मरकाम अनुपस्थित पाए गए। खोजबीन करने के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया। इसके चलते 16 जनवरी को उनके लापता होने का जिला स्तर पर इस्तहार जारी किया गया। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को भी आरक्षक के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त होने पर संपर्क नंबर भी दिया गया है। वहीं लापता आरक्षक की तस्वीर भी संबंधित थाने और सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा की जा चुकी है।

### पेंशन संबंधी समस्याओं के लिए दूरभाष नम्बर जारी

**दंतेवाड़ा।** समाज कल्याण विभाग से जारी विज्ञप्ति अनुसार सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत समाज कल्याण विभाग से संचालित पेंशन योजना जैसे- सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा योजना, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना के तहत लाभान्वित हो रहे हितग्राहियों को माह मार्च तक की पेंशन राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से कर दी गई है। इस संबंध में सर्व हितग्राहियों को सूचित किया गया है कि पेंशन भुगतान संबंधी किसी भी प्रकार की समस्याओं के निराकरण के लिए पेंशन शाखा के मोबाईल नम्बर 9165860623 में संपर्क किया जा सकता हैं।

### पोषण पखवाड़ा सह पृथ्वी दिवस मनाया गया

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा उत्सव की तरह मनाया जा रहा है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं प्रमुख एचएस तोमर के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केंद्र सुकमा द्वारा पीएम सेजेस हिंदी माध्यम शास. बालक उच्च माध्य. विद्या. कुम्हाररास में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पी अनिल कुमार, प्राचार्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधान पाठक अनिल मेश्राम ने मानव जनजीवन तथा स्वास्थ्य में पोषण के महत्त्व को बताते हुए किया।

## कुड़कानार शाला में पृथ्वी दिवस मनाया गया

# पृथ्वी दिवस पर क्यूआर कोड से सजी हरियाली, पर्यावरण चेतना का नवाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

पृथ्वी दिवस के अवसर पर विकासखण्ड बस्तर के अंतर्गत माध्यमिक शाला कुड़कानार में एक अनोखी और प्रेरणादायक पहल की गई, जो पर्यावरण संरक्षण और तकनीक के समन्वय का एक अद्भुत उदाहरण बन गई है। शाला के इको क्लब और फार मिशन लाइफ के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने स्कूल परिसर के प्रत्येक पेड़ पर क्यूआर कोड लगाए, जिसमें उस पौधे का स्थानीय, प्रचलित एवं वैज्ञानिक नाम और उसका पर्यावरणीय, औषधीय अथवा सांस्कृतिक महत्व दर्ज है।

इस कार्यक्रम में शिक्षकगण नीरज कुमार कुन्जाम, फूल सिंह यादव, शिल्पा शार्वा, ममता ठाकुर एवं आभा प्रीति एक्का ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई और बच्चों के प्रयासों को खूब सराहा।




### प्रौद्योगिकी से जुड़ी पर्यावरणीय जागरूकता

इस क्यूआर कोड स्कैन करने पर छात्र या कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल से उस पौधे से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकता है। इसका उद्देश्य बच्चों को स्थानीय जैव विविधता के प्रति जागरूक करना और उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जोड़ना है। यह गतिविधि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों के अनुरूप नवाचार, स्थानीय ज्ञान और व्यवहारिक शिक्षा को प्रोत्साहित करती है।

### रैली के जरिए प्लास्टिक मुक्ति का दिया संदेश

इस तकनीकी प्रयोग के साथ-साथ शाला के विद्यार्थियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथीन मुक्त समाज की दिशा में एक सशक्त संदेश देते हुए जागरूकता रैली भी निकाली। बच्चों ने पॉलिथीन की थैली सिर पर पहन कर उसके दुष्प्रभावों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया, जिससे ग्रामीणों में भी जागरूकता फैली। सभी से कपड़े के थैले उपयोग करने की अपील की गई।

### प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों की सराहना

प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव ने इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों और बच्चों को संबोधित करते हुए प्लास्टिक के बढ़ते प्रयोग के कारण उत्पन्न पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने बच्चों की इस पहल की सराहना की और उन्हें निरंतर ऐसे प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

### नवाचार और जागरूकता का संगम

कुड़कानार शाला की यह पहल न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि व्यापक दृष्टिकोण से भी अनुकरणीय है। यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है, बल्कि बच्चों में नेतृत्व, नवाचार और सामाजिक चेतना भी विकसित करता है। पृथ्वी दिवस पर कुड़कानार का यह संदेश स्पष्ट है हर पौधा अब बोलेगा, ज्ञान भी देगा और प्रकृति से जोड़ भी देगा।

## बच्चों ने क्यूआर कोड के माध्यम से प्राप्त की पेड़ों की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं जिला सीईओ नम्रता जैन मुख्य के मार्गदर्शन में इको-क्लब फार मिशन लाईफ पृथ्वी दिवस सप्ताह अंतर्गत 22 अप्रैल को नोडल अधिकारी कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा डॉ. परमानंद साहू एवं प्राचार्य शाउमावि सुकमा पी.अनिल कुमार की अध्यक्षता में विद्यालय परिसर में विचार-गोष्ठी सह-विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- विश्व पृथ्वी दिवस पर संगोष्ठी सह-विविध कार्यक्रम सम्पन्न

नोडल अधिकारी डॉ. साहू ने आओ पर्यावरण बचाये और धरती मां का कर्ज चुकाए विषय पर अपनी राय व्यक्त की। कार्यक्रम में पी अनिल कुमार ने पृथ्वी की सुरक्षा एवं पर्यावरण जागरूकता के बारे में बताया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में संयुक्त रूप से पृथ्वी दिवस के अवसर पर पीएमश्री स्कूल, बॉयज़ हिंदी मीडियम स्कूल में मिशन लाइफ कार्यक्रम के अंतर्गत इको क्लब द्वारा एक विशेष तकनीकी गतिविधि का आयोजन किया गया।

इस गतिविधि में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया, जिसमें बच्चों ने क्यूआर कोड के माध्यम से विभिन्न प्रकार के पेड़ों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर एपीसी समग्र शिक्षा सीताराम सिंह राणा, गौरव सिंह आईटी एक्सपर्ट, स्वाति सिंह न्यूमेरेसी एक्सपर्ट, अनिता नागे प्रभारी ईको क्लब, अनिल कुमार मेश्राम प्रअ सहित विद्यालय के शिक्षक एवं सभी बच्चे उपस्थित रहे।

## गादीरास व सुकमा तहसील में बी-1 और किसान किताब का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार राजस्व विभाग के द्वारा जिले के सभी ग्रामों में राजस्व संबंधी सभी कार्य निःशुल्क किया जा रहा है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए राजस्व कर्मचारियों और अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

सुकमा और गादीरास तहसील के गांव में 17 ग्रामीणों को अपडेटेड बी-1 और किसान किताब का वितरण किया गया। ग्राम के सभी खातेदारों को भूमि संबंधी दस्तावेज बी-1 खसरे का निःशुल्क वितरण हल्का पटवारी के माध्यम से किया गया। ऐसे भूमिस्वामियों को जिनके पास किसान किताब नहीं हैं उन्हें चिन्हित कर तत्काल किसान किताब प्रदान किया जा रहा है। सभी ग्रामों में हल्का पटवारियों के द्वारा बी-1 का वाचन भी किया जा रहा है एवं मृत खातेदारों के स्थान पर उनके विधिक वरिसानों का नाम जोड़ने हेतु फौती-नामांतरण के आवेदन पत्र मौके पर ही लिया जा रहा है। परिजनों द्वारा आपसी सहमति के आधार पर बंटवारा की माँग किये जाने पर बँटवारा हेतु आवेदन लिया जा रहा है। पीएम किसान सम्मान निधि के पात्र हितग्राहियों के आवेदन पंचायतों में लिए जा रहे हैं। कृषि विभाग और अन्य संबंधित विभागों के द्वारा एग्रीस्टेक फार्मर आईडी, किसान किताब और किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी बनाये जा रहे हैं। कलेक्टर के द्वारा स्वयं राजस्व विभाग के कार्यों की मॉनिटरिंग की जा रही है।

### सभी पंचायतों में होगा ग्रामसभा का आयोजन



**सुकमा।** पंचायती राज दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल को जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। जिला सीईओ नम्रता जैन ने इस संबंध में आदेश जारी कर ग्रामसभा में गणपूर्ति करने की जिम्मेदारी पंच, सरपंच और सचिव को सौंपी है। प्रधानमंत्री के द्वारा इस वर्ष राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के राष्ट्रीय समारोह में शामिल होकर देश भर की पंचायतों को संबोधित किया जाना संभावित है। साथ ही इस अवसर पर राज्य स्तर से भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाना संभावित है। तत्संबंध में सभी जिला पंचायतों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा की बैठकें आयोजित कर पंचायती राज दिवस मनाया जाएगा। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा एवं प्रधानमंत्री के संबोधन का लाईव प्रसारण किया जाएगा। जिले में चिन्हांकित अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों का शुभारंभ किया जाएगा।



## अब लोगों को चंद मिनटों में उपलब्ध होंगे भू-दस्तावेजों की प्रतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

राज्य शासन की मंशा अनुसार आमजनों की सुविधा के दृष्टि से सभी विभागों को ई-गवर्नेंस प्रणाली के तहत बहुउद्देश्यीय बनाने के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है। इस क्रम जिले में भी भू-दस्तावेजों के डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया हेतु विशेष पहल की जा रही है।

पूर्व समय में लोगों को अपने भू-अभिलेख की प्रतियां जैसे स्वामित्व अभिलेख, पंजीकरण, कैडस्ट्रल मानचित्र, बी-1, फॉर्म ए, प्लॉट रजिस्टर, फॉर्म सी (अधिकारों का अभिलेख), संशोधन, नामांकन, मानचित्र अभिलेख, मानचित्र स्वामित्व अभिलेख, मानचित्र स्केच, मानचित्र पूर्णता प्रमाणपत्र, मानचित्र पुनः क्रमांक दस्तावेज, मानचित्र स्वामित्व प्रमाणपत्र, मानचित्र अंतिम सत्यापन दस्तावेज आदि प्राप्त करने में बहुत सारा वक्त, संसाधन और ऊर्जा खपानी पड़ती थी। परन्तु अब कुछ ही क्षणों में भू अभिलेख कार्यालय अथवा किओस्क सेंटरों से लोगों को अपने भू-दस्तावेज की नकल या प्रति प्राप्त हो सकेगी। जो दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों के लिए बेहद राहत का सबब होगा। इसके लिए सिर्फ उन्हें अपना नाम और खसरा नम्बर, देना होगा। और उनके भू-अभिलेख से संबंधित सभी डाटा, नक्षा, स्वामित्व प्रमाण पत्र, इत्यादि सिस्टम में उल्लेखित हो जाएगें।

भू-दस्तावेजों को डिजिटल प्लेटफार्म में उपलब्ध कराना राजस्व विभाग को सशक्त एवं सुव्यस्थित बनाने वाला क्रांतिकारी कदम है। इससे न केवल लोगों के समय और संसाधनों की बचत होगी अपितु प्रशासनिक दृष्टिकोण से विकास के लक्ष्यों को गति देने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इसके पूर्व भूमि रिकार्ड को सुरक्षित रखना और उन्हें विनष्टीकरण से बचाना राजस्व विभाग के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है।

## प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त भैया बहनों को अतिथियों ने किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सिपाही गोपाल सोढ़ी, शिक्षिका टिलेश्वरी निषाद, विद्यालय समिति के व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता उपस्थित रहे।

मां भारती, सरस्वती, ओम के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके पश्चात कक्षा अरुण से नवम तक के परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। जिसमे अरुण कक्षा मे प्रथम कुमारी आंचल तारणी, उदय कक्षा में प्रथम सूर्यांश बुरड़, प्रथम कक्षा में कुमारी लावण्या देशमुख, द्वितीय कक्षा में अभिमन्यु गुप्ता, तृतीय कक्षा में आकाश सोढ़ी, चतुर्थ कक्षा में श्रेयांश विश्वकर्मा, षष्टम कक्षा में कुमारी खुशी जायसवाल, सप्तम कक्षा में कुमारी रोली चंद्राकर, नवम कक्षा में सूरज सोनी प्रथम स्थान पर रहे। कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किये भैया बहनों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे द्वारा सभी भैया बहनों को बधाई दी गई व आगामी सत्र की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

उन्होंने कहा कि विद्यालय में कुशल प्रशिक्षित आचार्य व दीदियों द्वारा अध्यापन कार्य किया जा रहा है विद्यालय में अंग्रेजी शिक्षा पर विशेष फोकस किया जा रहा है। विद्यालय के व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता ने समिति की आगामी योजना से अवगत करवाया। जिसमें विद्यालय में झूला फिसल पट्टी लगाना, मैदान का सौंदर्यीकरण करना, आचार्य आवास का जीणोद्धार, प्रायोगिक कक्ष का निर्माण, सायकल स्टैंड का निर्माण, बागवानी लगाना, मुख्य मार्ग से विद्यालय तक सीसी सड़क का निर्माण करना है। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने बताया कि विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ हो गया।

## 321 ग्रामीणों का चर्म रोग तथा जनरल जांच कर उपचार हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से परिवर्तन समाज विकास समिति द्वारा ग्राम पंचायत लामकेर, बस्तर में चर्म रोग निवारण तथा जनरल जांच हेतु विशेषज्ञ स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया।

- लामकेर, बस्तर में विशेषज्ञ स्वास्थ शिविर का आयोजन



परिवर्तन समाज विकास समिति का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में चर्म रोग तथा कुष्ठ रोग से बचने और उनका बेहतर इलाज करने के लिए जागरूकता फैलाना था। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम ने ग्राम पंचायत लामकेर बस्तर में 321 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया और उन्हें दवाई वितरण भी किया। इसके अलावा 97 लोगों का पैथोलॉजी परीक्षण भी किया गया। जिससे उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का गहराई से विश्लेषण और उपचार किया जा सके। शिविर में विशेषज्ञ डॉ. सीके मिश्रा, एमबीबीएस डॉ. विभाष ओझा, हिरमा मरकाम, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ समीरन घोष, सरपंच लक्ष्मण कश्यप, सचिव जगदीश कश्यप, सीएचओ करिश्मा कश्यप, कविता कश्यप, बनिता कश्यप, भागो कश्यप, झमेला सुध सुपर वइजर, निर्मला दीवान एएनएम, जिला समन्वयक सूरज पटनायक, फार्मासिस्ट रवींद्र पोयाम, लैब टेक्नीशियन पल्लवी पांडे, स्टाफ नर्स पूर्वा खपर्डे, पायलट अशोक बघेल के द्वारा शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभायी।

### दो पक्षों के बीच विवाद के बाद बढ़ाई गई तिथि

## प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का होगा चुनाव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का चुनाव 23 अप्रैल को होगा। निर्वाचन अधिकारी डीके पाराशर ने पत्रवार्ता में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ बस्तर जिला अध्यक्ष का चुनाव 20 अप्रैल को होना था जिसको लेकर दोनों पक्षों में वाद विवाद होने से तिथि बढ़ाई गई।

जिला अध्यक्ष के चुनाव लड़ रही प्रत्याशी रीना दानी का कहना है सामने वाले प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह परिहार के खिलाफ पूर्व में कई शिकायतें थी जिन पर जांच बिठाई गई है तथा अध्यक्ष पद का प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह परिहार है वह आजीवन सदस्य नहीं है जबकि इसमें संगठन का आजीवन सदस्य जरूरी है 8 से 9 साल से लगातार उसे ही मनोनीत किया जाता रहा है। निर्वाचन अधिकारी ने प्रेसवार्ता कर बताया की कलेक्टर के समक्ष अपने आवेदन प्रस्तुत कर तारीख में बदलाव को लेकर सौपा गया था। 20 अप्रैल को ईस्टर होने से मतदान करने आने में सदस्यों की कठिनाई तथा त्यौहार के चलते कई सदस्यों के बाहर होने को लेकर मतदान 23 अप्रेल को करने की मांग की गई थी। जिस पर कलेक्टर ने संज्ञान लेते 23 अप्रैल को मतदान की तारीख तय किया है।

### शकील ने राष्ट्रीय स्तर पर दी पहचान

**जगदलपुर।** दिल्ली के कॉमनवेल्थ खेलगांव स्टेडियम में 11 से 13 अप्रैल तक चार वें खेलो मॉस्टर्स गेम संपन्न हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम में जगदलपुर में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत शकील खान द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया और उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की टीम ने तीसरे स्थान पर रहकर कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया। शकील द्वारा विभाग के जिला प्रमुख मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक से सौजन्य भेंट कर कांस्य पदक और प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर सीएमएचओ ने कहा कि पूर्व में भी शकील द्वारा 9 वीं बार राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया जा चुका है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202504140400071/अ-6/2024-25

**:: उद्घोषणा ::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 01. मूलचंद पिता शिवराज, 02. योगेश कुमार पिता मूलचंद शर्मा, संतोष कुमार पिता मूलचंद, जाति ब्राम्हण, निवासी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर, छ.ग. द्वारा पेश आवेदन पत्र वास्ते बंटवारानामा पत्र विलेख के अनुसार वाद भूमि मोहल्ला माहूरबंदपारा कांकेर वार्ड जवाहरवार्ड, वार्ड क्र. 05, शीट न.-10 बी, प्लाट न. 23/1, क्षेत्रफल 872 व.मी, भू-भाटक 720.00 रू., पक्का मकान मयहाता मूलचंद पिता शिवराज, योगेश कुमार, संतोष कुमार पिता मूलचंद, शासकीय नजूल अभिलेख में दर्ज है, उक्त संपत्ति में से पक्ष क्रमांक (01) संतोष कुमार, को शीट न. 10 बी, प्लाट न. 23/1 में से 208 व.मी. भू-भाटक 172.00 रू., पक्ष क्रमांक (02) मूलचंद, योगेश कुमार संतोष कुमार को शीट न. 10 बी, प्लाट न. 23/1 मे से 459 व.मी. भू-भाटक 379.00रू, पक्ष क्रमांक (03) योगेश कुमार को शीट न. 10 बी, प्लाट न. 23/1 मे से 205 व.मी. भू-भाटक 169.00 रू, आपसी फर्द बंटवारानामा का पंजीयन, उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में दिनांक 27.03.2025 को कराये जाने का लेख करते हुये आवेदकगण उपरोक्त बंटवारानामा के अनुसार अपना नाम नजूल अभिलेख में बटवारा कराये जाने हेतु भूमि मेंटेनेन्श खसरा, पंजीकृत बंटवारा नामा की छायाप्रति, आधार कार्ड, तलवाना, के साथ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्रकरण शीर्ष-अ-6 में दर्ज कर प्रक्रियाधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 21/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

## नर्सिंग छात्राओं ने निभाया वालेंटियर का फर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जगदलपुर स्वास्थ्य साथी रायपुर और संस्कार द स्मार्ट स्कूल जगदलपुर के साथ एम्स के डक्टरों द्वारा कक्षा पहली से कक्षा 10 तक के छात्र छात्रओं के लिए स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एम्स जोधपुर के डण राधे सिंह एवम डण तन्मय मोतीवाला ने आधुनिक मशीनों एवम तकनीक द्वारा स्कूल के छात्र छात्रओं का 60 से अधिक तरह की चिकित्सा जांच और परीक्षण बीपी चेकअपए पल्सए दंत जांचए नेत्र जांचए श्रवण परीक्षण किया। इस अग्रिम हेल्थ चेकअप कैंप में जगदलपुर इंस्टीट्यूट अफ नसर्गिं जगदलपुर के बीएससी नसर्गिं के छात्र छात्रओं ने अपनी नसर्गिं स्किल से इस कैंप को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में वोलेंटियर के रूप में योगदान दिया। नसर्गिं स्टूडेंट्स को सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।




HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कोकपुर में 3 व 4 मई को डड़सेना कलार समाज का वार्षिक अधिवेशन

**कांकेर।** डड़सेना कलार समाज बस्तर संभाग का वार्षिक अधिवेशन विकासखण्ड कांकेर के ग्राम कोकपुर में 3 व 4 मई को आयोजित किया गया है, जिसमें बस्तर संभाग के डड़सेना कलार समाज के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियों के साथ सामाजिक सदस्य शामिल होंगे। कार्यक्रम तैयारियां ग्राम कोकपुर में जोर-शोर से चल रहा है। वार्षिक अधिवेशन में समाज द्वारा बनाए गए नियमों का पालन व उसके क्रियांवयन पर चर्चा, वार्षिक प्रतिवेदनों की प्रस्तुतिकरण, आय-व्यय की जानकारी, मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान सहित अन्य विषयों पर चर्चा किया जाएगा।

### सर्पदंश से मौत, आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्प काटने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील कांकेर के ग्राम पीढ़ापाल निवासी 40 वर्षीय सुमित्रा बाई जैन की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित रामनाथ जैन को चार लाख रुपएं की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### भंडारडिगी का गोल मेला लगाया जाएगा आज

**दुर्गूकोदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम भंडारडीगी में पहली बार गोल मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 23 अप्रैल बुधवार को होगा। रात में धमतरी जिला के ग्राम मोखा (पचपेड़ी) के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्राम गायता लच्छूराम नरेटी और मेहरू राम नरेटी ने दिया।

### सिहारी का दो दिवसीय वार्षिक मेला लगेगा 27 से

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिहारी का दो दिवसीय वार्षिक मेला 27 व 28 अप्रैल को आयोजित किया गया है। ग्राम गायता शिवलाल कल्लो, वरिष्ठ नागरिक सोमजी दुग्गा, ग्राम पंचायत सरपंच रामप्रसाद गावड़े, ग्राम पटेल झाड़राम ने बताया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम सिहारी के वार्षिक देव मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें आसपास के ग्रामीण, देवी देवता, पटेल, ग्रामीण, महिला, पुरुष, बच्चे, युवक, युवती व व्यापारी शामिल होंगे।

## निधन

### कमला बाई गावड़े

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम नेडगाव



निवासी 42 वर्षीय कमला बाई गावड़े का आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों पूर्व सड़क दुघर्टना में घायल हो गई थीं। उनका इलाज रायपुर के अस्पताल में चल रहा था। जहां ईलाज के दौरान निधन हो गया। वे ग्राम नेडगाव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थीं।

## आक्रोश : फसल हो रही प्रभावित, आंदोलन की दी चेतावनी

# सरोना क्षेत्र में बिजली कटौती को लेकर किसानों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

क्षेत्र के किसानों और स्थानीय जनता ने बिजली कि लगातार हो रही कटौती के खिलाफ आवाज उठाई है, जिसका गंभीर प्रभाव उनके खेतों की फसलों पर पड़ रहा है। वर्तमान में भीषण गर्मी के कारण सूखे और जल संकट ने उनकी चिंताओं को और बढ़ा दिया है।

नतीजतन, किसानों ने जिलाधीश तथा तहसीलदार सरोना के माध्यम से मुख्य अभियंता, जिला उत्तर बस्तर कंकर को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें बिजली कटौती की समस्या का तात्कालिक समाधान मांगा गया है।

किसानों ने बताया कि उनकी फसलें सूख रही हैं और पानी की कमी के कारण उन्हें अपने उत्पादन को लेकर गंभीर चिंता है। किसानों ने एकजुट होकर इस मुद्दे को उठाया है और प्रशासन से अनुरोध किया है कि उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए। उनका यह कदम सरोना क्षेत्र में किसानों के अधिकारों और उनकी फसल सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। किसानों का कहना है कि पहले भी उन्होंने बिजली विभाग को इस समस्या से अवगत कराया था, परंतु उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पिछले सप्ताह से बिजली आपूर्ति में कोई सुधार देखने को नहीं मिला है, जिससे किसानों में निराशा और आक्रोश का माहौल बन गया है। किसानों और ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का निवारण जल्द नहीं किया गया, तो वे बिजली विभाग सरोना के खिलाफ उग्र आंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस स्थिति की जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी।



**किसानों ने दिखाई एकजुटता**

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व सरपंच महंत नरेटी, मुन्ना राम नाग, खिलावन यादव, विदेश कोर्राम, रमेश, हमीद कोर्राम और अन्य किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहें। इस मौके पर सारंडा, कुम्हारनखार, साल्हेभाट, सरोना और चोरिया के सैकड़ों किसानों ने भी अपनी एकजुटता दिखाई।

## रक्तदान शिविर में 100 दानवीरों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

दानवीर भामाशाह की जयंती पर तहसील साहू सदन नगरी में तहसील साहू समाज अध्यक्ष कंवल राम साहू की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील साहू समाज नगरी अंतर्गत 9 परिक्षेत्र मावलीपारा, बेलर गांव, घटुला, सांकरा, सिरसिदा फरसिया, नगरी डोंगरडुला, बिरगुड़ी के साहू समाज के लोग उपस्थित रहे। 100 दानवीरों के द्वारा रक्तदान किया गया। दानवीर भामाशाह की जयंती के पावन अवसर पर 21 अप्रैल को रक्त दान कार्यक्रम का शुभारम्भ भक्त माता कर्मा, दानवीर भामाशाह के आरती पूजन के पश्चात शुरू हुआ। आयोजित रक्तदान शिविर में समाज की महिलाएं, युवतियां और युवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर सभी दानदाताओं को उपहार स्वरूप हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज के युवा साथियों का विशेष सहयोग रहा एवं कार्यकारणी सभा के पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा। गोरेगांव से लेखराज साहू एवं ग्राम महमल्ला के



खिलेश्वर साहू के एक ही परिवार से चार लोग देहदान भी कर चुके है। दानवीर भामाशाह जयंती पर ऐसा पुनीत कार्य अनुकरणीय एवं सराहनीय है।

इस अवसर पर सहदेवराम साहू, पुनीत राम साहू, अरुण सार्वा, पदुम लाल साहू, पेमंत साहू, लव कुमार साहू, गौतमचंद साहू, हृदय लाल साहू, डॉ भूपत साहू, अनिरुद्ध साहू, मुलेश साहू, जन्मेजय साहू, सुभाष साहू, खेमेंद्र साहू, कनेश्वर साहू, लक्ष्मीकांत साहू,दीपेश साहू, रोशन साहू, हेमलता साहू, साजन साहू, अलका साहू, भुनेश्वरी साहू, भूपेंद साहू, विश्वनाथ साहू, डिकेस साहू, काजुराम साहू का योगदान रहा। कार्यक्रम में सभी 9 परिक्षेत्र के अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों से रूबरू होकर सरकार की योजनाओं की ली जानकारी

**धनेलीकन्हार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान 15 से 25 अप्रैल तक मनाया जा रहा है, जिसमें संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर के सम्पूर्ण जीवन, देश के प्रति उनके अतुल्य योगदान को बताया जा रहा है। इसके लिए भाजपा विभिन्न कार्यक्रम, चर्चा, गोष्ठी का आयोजन कर रही है।

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, पूर्व कांकेर जनपद अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, धनेलीकन्हार मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन, कोरर मंडल अध्यक्ष पियुष कश्यप, कोरर भाजपा मंडल के ग्राम कुर्री में अनुसूचित जाति वर्ग के शिवराम टांडिया, समाज के क्षैत्रिय अध्यक्ष राजकुमार नाग से मिल कर सरकार की योजनाओं का लाभ के बारे में जानकारी लिया। शीवराम टांडिया ने बताया की मेरा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास बन गया है तथा सम्मान निधि की राशि भी मिल रही है। लेकिन भुमीहीन की राशि जनवरी माह में ही मिला है, उसके बाद अभी तक नहीं मिला है। इस पर परिवार से चर्चा करते हुए श्री मटीयारा ने बताया की यह राशि वर्ष में एक ही बार ही



मिलती है। समय आने पर पुनः मिलेगी। इसी तरह ग्राम धोडदा के सोनुराम कुलदीप, श्रवन गावड़े, धनेश राम सोनवानी, मिथुन गावड़े, देवेन्द्र सोनवानी, विजय कुलदीप, संजय कुलदीप से उनके घर में चाय पर चर्चा करते हुए बताया की पिछली सरकार ने 15 लाख प्रधानमंत्री आवास को रोक रखा था, जिसके कारण आवास बनने में देरी हुई है, लेकिन छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद आवास बनना चालु हो गया है। वर्तमान में छूटे हुए पात्र हितग्राहि का सर्वे का कार्य चल रहा है। अतिशीघ्र आप सभी को आवास मील जाएगा। ग्राम कोरर के झाडुराम यादव ने बताया की मुझे सम्मान निधि मील रही है, वृद्धा पेंशन की राशि नहीं मिल रही है।



## जमावाड़ा के बाली मेला में शामिल हुए विधायक किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जमावाड़ा के बाली मेला में शामिल हुयें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव। ग्राम जमावाड़ा में बारह वर्ष में एक बार भव्य रूप से बाली मेला का आयोजन किया जाता है। बाली मेला में पहुंचे विधायक का ग्रामवासियों ने पारम्परिक रूप से स्वागत व अभिनंदन किया। किरण देव ने बाली मेला में पहुंचकर भगवान की पूजा अर्चना कर प्रदेश व बस्तर की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा बाली मेला का विशेष व ऐतिहासिक महत्व है । मेला आयोजन समिति को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष हरिराम मंडावी, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, मनोहर दत्त तिवारी ,राजेश श्रीवास्तव ,आरेंद्र सिंह आर्य , चंद्रकांत सेठिया, बालमती नागेश, धरमू राम मंडावी, मानसिंह मौजूद थे।

## समाज ने नगर में चौक बनाने और सेन जयंती मनाने तय की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

सेन समाज भानुप्रतापपुर द्वारा स्थानीय सेन भवन में बैठक रखा गया। सामाजिक चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि भानुप्रतापपुर नगर में संत शिरोमणि सेन महाराज के नाम से एक चौक चिन्हांकित किया जाए। इस विषय को लेकर समाज के लोगों ने नगर पंचायत के अध्यक्ष से मिलकर बात रखी।

संत शिरोमणि सेन महाराज के अनुयायी सेन समाज के सदस्य गण परिक्षेत्र भानुप्रतापपुर में लगभग 300 परिवार निवास करते हैं। सेन समाज के आराध्य तथा प्रेरणादायक महापुरुष के रूप में सेन समाज के लोग उनकी पूजा करते हैं और अपने आराध्य मानते हैं। सेन समाज के लोगों ने नगर अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर से सेन चौक की मांग करने के लिए नगर पंचायत पहुंचे। सामाजिक लोगों की भावना को रखते हुए नगर



पंचायत अध्यक्ष ने कहा की सेन समाज हमारे भारतीय समाज का अभिन्न हिस्सा है और हम संत सेन महाराज के नाम से उचित स्थान पर सेन चौक अवश्य बनवाएंगे। इसकी घोषणा के पश्चात सेन समाज के ब्लॉक अध्यक्ष भुवनेश्वर सेन ने नगर अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। सेन भवन के बैठक में ब्लाक अध्यक्ष भुनेश्वर सेन ने 25 अप्रैल को सेन जयंती को समस्त सैलून एवं ब्यूटी पार्लर और गांव-गंवई में कार्य बंद रखने का अव्हान किया। समाज के लोगों में प्रमुख रूप से राजकुमार ठाकुर, भगत शांडिल्य, राजीव श्रीवास, मिलाप शांडिल्य, परमा श्रीवास, आनंद सेन, गोपाल शांडिल्य, छबिलाल शांडिल्य, किशोर सेन, चेतन कौशिक विनोद सेन, नीलकमल भारद्वाज, विशाल सेन, नरेंद्र सेन, खेमलाल सेन, दीपेश शांडिल्य, सेवक सेन, लेमन सेन, पुरुषोत्तम सेन, गोवर्धन सेन, बंटी सेन, अशोक सेन, उमाशंकर सेन, गोपाल सेन, संतोष सेन, नरोत्तम सेन, सिवान लाल शांडिल्य, राजकुमार सेन, दिनेश सेन, सहदेव शांडिल्य, लोकेंद्र शांडिल्य, देवलाल श्रीवास, भूषण सेन, पवन शांडिल्य, पुष्पेंद्र शांडिल्य, किशोर श्रीवास, लक्ष्मण सेन, मुकेश सेन, सालिकराम सेन, गोरेलाल सेन, नवनीत ठाकुर, जागेश्वर सेन व अन्य उपस्थित रहें।

## गांवों में निरीक्षण कर बिगड़े हैंडपंपों का कर रहे संधारण

**कांकेर।** विशेष अभियान का तहत भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। पीएचई विभाग की टीमें पानी के स्त्रोतों की जांच कर रही हैं और बंद पड़े हैंडपंपों की मरम्मत का कार्य भी तेजी से जारी है। इसी कड़ी में गत दिवस ग्राम घोटिया, मैनपुर, कोटगांव और चिनौरी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत की जा रही व्यवस्थाओं का विभागीय टीमों ने जायजा लिया। इस दौरान सरपंचों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से चर्चा कर पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर जोर दिया गया। पानी की गुणवत्ता की जांच भी की जा रही है, ताकि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या से ग्रामीणों को बचाया जा सके। पीएचई विभाग ने मरम्मत योग्य हैंडपंपों को प्राथमिकता के आधार पर सुधारने का निर्देश दिया



- भीषण गर्मी को देखते हुए पीएचई विभाग सक्रिय

है। ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की जल संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर 1800-233-0008 जारी किया गया है, जो 24 घंटे सक्रिय है। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि समस्या का तुरंत समाधान किया जा सके।

## मोर दुआर साय सरकार अभियान से बेघरों का किया जा रहा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

प्रदेश में गरीब और जरुरतमंद परिवारों को पक्का मकान दिलाने का सपना अब साकार होता नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चलाए जा रहे मोर दुआर साय सरकार अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना का सर्वे 15 अप्रैल से शुरू हो गया है, जो 30 अप्रैल तक चलेगा।

इस अभियान को धरातल पर सफल बनाने में जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के जनपद सदस्य पीलम नरेटी लगातार सक्रिय हैं। वे स्वयं गांव-गांव, घर-घर पहुंचकर उन जरुरतमंद परिवारों की पहचान कर रहे हैं, जिनका नाम पूर्व की सूची में छूट गया था। मोबाइल ऐप के माध्यम से पात्र हितग्राहियों का आन स्पाट सर्वे कर उनके नाम सूची में जुड़वाए जा रहे हैं, ताकि कोई भी



गरीब परिवार आवास योजना से वंचित न रह जाए। ग्राम पंचायत बरहेली के आश्रित ग्राम, ईरागाव में भी जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने स्वयं पहुंचकर ऐसे कई परिवारों को चिन्हित कर आवास प्लस सूची में जोड़ने का कार्य किया। क्षेत्रवासियों द्वारा उनके इस सेवा भाव की सराहना की जा रही है। जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य की विष्णु देव सरकार की प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना का सर्वे 30 अप्रैल तक चलेगा। जिसका जपं सदस्य पीलम नरेटी स्वयं कर रहे हैं। विष्णु देव सरकार की यह संयुक्त पहल अब तक की सबसे बड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है, जिसका लाभजमीनी स्तर पर आमजन को मिल रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक भी योजना का लाभ पहुंचे। इस मौके पर सरपंच प्रिया वाडिवा, कृष्णा पटेल, रामचरण पटेल, कमिता अवधिया, जीवन लाल उयके, विजय चुरेंद्र, भुनेश्वर पटेल, ग्रामवासी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत ग्रामीणों से जुड़े जनप्रतिनिधि



**दुर्गूकोंदल।** भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गूकोंदल के द्वारा ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल में 21 अप्रैल को सेवा पाखवाड़ा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत गांव चलो, बस्ती चलो अभियान किया गया। इसके अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग एवं दलित वर्ग के प्रबुद्धजनों से संपर्क किया गया। इस अभियान में कांकेर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी व सेवा पखवाड़ा मंडल प्रभारी नगर पंचायत अध्यक्ष भानुप्रतापपुर निखिल सिंह राठौर, भानुप्रतापपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, भाजपा मंडल महामंत्री ज्वाला प्रसाद जैन, अनुसूचित जाति मंडल महामंत्री लक्ष्मण कुलदीप, सरपंच भैसाकान्हार, रमल कोर्राम, जुगल किशोर शर्मा, निरंजन बंजारे, गुलाब देहारी, दुर्गूकोंदल, फूलसिंह मंडावी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। टांडिया समाज की महिला दसरथ दुग्गा, कृष्णा जैन के यहाँ बैठकर चाय नाश्ता भी किया एवं केंद्र की भाजपा सरकार की योजनाएं एवं छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा विष्णु देव साय सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताया गया। ग्रामीणों ने दुर्गूकोंदल ग्राम पंचायत में बिजली की परेशानी, मोहल्ले में लाइट व पानी की समस्या से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया।

### दंतेश्वरी कॉलेज में मनाया गया विश्व धरोहर सप्ताह

**जगदलपुर।** शासकीय दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय जगदलपुर में विष्व धरोहर सप्ताह के अंतर्गत प्राचिन भारतीय इतिहास संस्कृति और पुरातत्व विभाग द्वारा कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्रमुख अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार पुरातत्त्व विद उर्मिला आचार्य थी।

## क्योरिबा की टीम ने सीएमएचओ से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

क्यूरेबा हेल्थ एंड डेवलपमेंट एनजीओ के प्रतिनिधिमंडल ने सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक से मुलाकात की। टीम में डॉक्टर सिद्धार्थ बिसवाल फाउंडर, शंभू नाथ तिवारी सीनियर प्रोजेक्ट काउंसलर और विजय कश्यप, डायरेक्टर मौजूद रहे।



इस एनजीओ द्वारा लेप्रोसी, टीबी और टीकाकरण क्षेत्र में कार्य की गुणवत्ता के सुधार हेतु बस्तर संभाग के तीन जिलों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के साथ मिलकर कार्य किया जाना है। जिसमें संस्था के द्वारा स्वास्थ्य अमले को टेक्निकल सपोर्ट देकर क्वालिटी में सुधार लाने के क्षेत्र में कार्य किया जाना है। संस्था के फाउंडर डॉ. सिद्धार्थ बिस्वाल ने बताया कि क्यूरिबा (क्योर थ्रू रिसर्च एंड एविडेंस बेस एक्शन) के तहत कार्य करने वाली एक अशासकीय समाजसेवी संस्था है जिन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने के लिए छत्तीसगढ़ के तीन जिलों को चुना है, जिसमें कोंडागांव, नारायणपुर और बस्तर प्रमुख हैं। बस्तर जिले में कठिनतम क्षेत्र के चिन्हित किन्हीं तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर के साथ मिलकर कार्य करते हुए अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में बच्चों के पोषण के लिए और युवतियों के पोषण के क्षेत्र में कार्य करने की इच्छा जताई है। सीएमएचओ द्वारा विभाग से आवश्यक सभी सहयोग संस्था को दिए जाने का आश्वासन दिया गया है।





